**बिहार सरकार**

**लघु जल संसाधन विभाग**

***-:: आवश्यक सूचना::-***

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा Civil Appeal No.-54/2026(Arising out of SLP(C) No.-22323 of 2023) Abhay Kumar Patel & Ors. Vs. The State of Bihar & Ors. एवं अन्य सदृश्य वाद में दिनांक- 06.01.2026 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में लघु जल संसाधन विभाग, बिहार के अधीन विज्ञापन सं0-03/2019 के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता (असैनिक) के पदों पर नियुक्ति हेतु सफल घोषित उम्मीदवारों की संशोधित अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी। संशोधित अनुशंसा में सहायक अभियन्ता(असैनिक) के पदों पर नियुक्ति हेतु कुल 05 उम्मीदवार नये चयनित हुए।

2. विभागीय ज्ञापांक-2449 दिनांक-13.04.2026 द्वारा नये चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण-पत्रों के सत्यापन का कार्यक्रम दिनांक-30.04.2026 को आयोजित किया गया। प्रमाण-पत्रों के सत्यापन कार्यक्रम में कुल-01 अभ्यर्थी उपस्थित हुए एवं शेष 04 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

3. दिनांक-30.04.2026 को शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के निर्धारित सत्यापन कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे 04 अभ्यर्थियों को द्वितीय अवसर प्रदान करते हुए दिनांक-29.05.2026 को पुनः शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों का जाँच कार्यक्रम निर्धारित की गयी, जिसमें एक भी अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए।

4. उक्त तिथि को आहूत शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण-पत्रों के सत्यापन कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों की सूची निम्नवत् है:-

| Sl.No. | Roll No. | Name |
|---|---|---|
| 1 | 302624 | BHUSHAN KUMAR |
| 2 | 300763 | NIMISHA PRIYA |
| 3 | 301717 | ANKIT KUMAR |
| 4 | 302967 | SNEHA KUMARI |

अतएव पूर्व निर्धारित शैक्षणिक एवं संगत प्रमाण-पत्रों के सत्यापन कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहे सहायक अभियन्ता(असैनिक) के 04(चार) अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण-पत्रों के कॉउन्सिलिंग/सत्यापन हेतु वांछित अभिलेख के साथ **दिनांक-03.07.2026 को नया सचिवालय, विकास भवन के प्रथम तल पर अवस्थित श्री अजय कुमार, संयुक्त सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना** के कार्यालय कक्ष में कार्यालय अवधि में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

**प्रमाण-पत्र जाँच के लिए निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी अपने साथ निम्नलिखित प्रमाण-पत्र/अभिलेख के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगेः-**

1. मैट्रिक का अंक प्रमाण पत्र(Marksheet)/उत्तीर्णता मूल प्रमाण पत्र।
2. अभियंत्रण सिविल डिग्री का मूल प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
3. अन्य उच्चतर शैक्षणिक योग्यता से संबंधित मूल प्रमाण-पत्र जो आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया गया हो।

कृ0पृ0उ0

4. अगर नियोजन हो तो नियोक्ता(Employer) से अनापत्ति प्रमाण-पत्र(No Objection Certificate) मूल प्रति में/सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत विरमन पत्र/सक्षम प्राधिकार द्वारा स्वीकृत त्याग पत्र ।
5. अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण-पत्र ।(आरक्षित कोटि के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए) (मूल प्रति में) ।
6. बिहार राज्य सरकार के नौकरियों के निमित्त अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण-पत्र ।(पिछड़ा/अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए मूल प्रति में) ।
7. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण-पत्र की मूल प्रति ।(आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अनुशंसित अभ्यर्थी हेतु) ।
8. बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा निर्गत विज्ञापन सं0-03/2019 का प्रवेश-पत्र(Admit Card) (मूल प्रति में) ।
9. सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र(मूल प्रति में) ।
10. चरित्र प्रमाण-पत्र(संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत एवं छः माह से पूर्व का नहीं हो) ।
11. पूर्ण रूप से भरा हुआ सत्यापन प्रपत्र(दो प्रतियों में) । विहित प्रपत्र विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है ।
12. आधार कार्ड/निवार्चन पहचान पत्र/ड्राईविंग लाईसेंस या अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं संख्या(मूल प्रति में) ।
13. नवीनतम पासपोर्ट साईज का 04(चार) रंगीन फोटोग्राफ ।
14. विहित प्रपत्र में अनुमंडल पदाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र जिसमें इस आशय का उल्लेख हो कि सभी प्रमाण पत्र सही है तथा आपके विरूद्ध थाना में अथवा न्यायालय में कोई वाद दर्ज नहीं है एवं आपका आचरण प्रतिकूल नहीं है । विहित प्रपत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है ।
15. सिविल सर्जन द्वारा निर्गत अद्यतन स्वास्थ्य संबंधी प्रमाण-पत्र(मूल प्रति में) ।
16. दहेज नहीं लेने-देने संबंधी शपथ-पत्र(मूल प्रति में) ।
17. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र(दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए मूल प्रति में) ।
18. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्वतंत्रता सेनानी के(नाती/नतिनी/पोता/पोती) संबंधी प्रमाण-पत्र(मूल प्रति में) ।

उपरोक्त कंडिका-1 से 18 तक में अंकित प्रमाण-पत्रों/सभी अभिलेखों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रतियाँ दो सेट में ।

**नोटः-** 1. अगर उम्मीदवार उक्त प्रमाण-पत्रों के साथ जाँच हेतु निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होते है तो उनकी अभ्यर्थित्ता(Candidature) के संबंध में नियमसंगत निर्णय लिया जायेगा ।

कृ0पृ0उ0

5/



2. प्रमाण-पत्रों की जाँच हेतु सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा ।

3. किसी प्रकार की टंकण त्रुटि होने पर उसमें सुधार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा ।

4. प्रमाण पत्रों के जाँच से संबंधित सत्यापन प्रपत्र एवं प्रमाण-पत्र से संबंधित विहित प्रपत्र एवं उपरोक्त निदेश विभागीय वेबसाईट https://mwrd.bih.nic.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है ।

ह0/-
(सुशांत कुमार)
**सरकार के अपर सचिव ।**

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-05/2026 /पटना, दिनांक-

ई-मेल

प्रतिलिपि- श्री भूषण कुमार(kumarbhushan896@gmail.com)/सुश्री/श्रीमती निमिषा प्रिया(nimishapriya2918@gmail.com)/श्री अंकित कुमार (ankit02226@gmail.com)/सुश्री/श्रीमती स्नेहा कुमारी(ksneha869@gmail.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-
**सरकार के अपर सचिव ।**

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-05/2026 /पटना, दिनांक-

प्रतिलिपि- अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना/जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/-
**सरकार के अपर सचिव ।**

ज्ञापांक- प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-05/2026 3737 /पटना, दिनांक-08/06/26

प्रतिलिपि- माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/श्री अजय कुमार, संयुक्त सचिव/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

आई0टी0 मैनेजर को प्रपत्रों छायाप्रति संलग्न करते हुए निदेश है कि आवश्यक सूचना को प्रपत्रों सहित विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे ।

05/06/2026

**सरकार के अपर सचिव ।**

e:\official document 13.11.2024\kamlesh ji file\ae 2025\counselling notice.docx

# सत्यापन प्रपत्र

पासपोर्ट आकार की
एक अद्यतन
हस्ताक्षरित फोटो प्रति
यहाँ चिपकाएँ

**चेतावनी**

1. इस सत्यापन प्रपत्र में गलत सूचना भरना अथवा वास्तविक तथ्य छुपाये जाने को अयोग्यता माना जायेगा तथा तद्नुसार अभ्यर्थी को सरकारी नौकरी के लिए अनुपयुक्त घोषित किया जा सकता है ।
2. यदि इस प्रपत्र को पूरा करने व प्रस्तुत किए जाने के बाद अभ्यर्थी को हवालात में डाला गया हो, गिरफ्तार किया गया हो, उस पर मुकदमा चलाया गया हो, उस पर अर्थदंड लगाया गया हो, उस पर कोई दोषारोपण हो, बहिष्कृत किया गया हो अथवा उसे दोष–मुक्त आदि किया गया हो तो इस आशय की सूचना तत्काल उस अधिकारी को भेजी जाए जिसे यह सत्यापन– प्रपत्र भेजा गया है । ऐसा न किये जाने पर यह माना जाएगा कि अभ्यर्थी वास्तविक तथ्य छुपा रहा है ।
3. यदि व्यक्ति की सेवा के दौरान किसी भी समय यह पता चलता है कि उसने सत्यापन प्रपत्र में कोई गलत सूचना भरी है या स्वाभाविक तथ्यों को छुपाया है, तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती है ।

---

1. उपनामों सहित, यदि कोई हो, पूरा नाम(यदि आपने कभी अपने नाम अथवा कुलनाम में अंशतः कुछ जोड़ा अथवा निकाला हो तो उसे विनिर्दिष्ट करें)

   कुलनाम

   नाम

---

2. वर्तमान पूरा पता अर्थात गाँव, थाना तथा जिला अथवा मकान नं0, गली/स्ट्रीट/सडत्रक तथा शहर

---

3. (क) घर का पूरा पता अर्थात गाँव, थाना तथा जिला अथवा मकान नं0, गली/स्ट्रीट/सड़क तथा शहर और जिला मुख्यालय का नाम

   (ख) यदि मूलतः पाकिस्तान/बंगलादेश(पूर्व पूर्वी पाकिस्तान) का निवासी है तो उस देश में रहने का पता तथा वहाँ से भारत आने की तारीख का उल्लेख करें ।

4. गत पाँच वर्षों के दौरान उन स्थानों के ब्योरे दें (आवास–अवधि सहित) जहाँ आपने एक समय में एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए निवास किया हो । 21 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद यदि आपने पाकिस्तान सहित अन्य देशों में एक वर्ष से अधिक के लिए निवास किया हो, तो उन सभी स्थानों के भी ब्योरे प्रस्तुत करें ।

| से | तक | आवास का पूरा पता (अर्थात गाँव, थाना तथा जिला अथवा मकान नं0, गली/स्ट्रीट/सडत्रक तथा शहर | पूर्व कॉलम में उल्लिखित स्थान के जिला मुख्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

5.

| नाम | राष्ट्रीयता (जन्म और/अथवा अधिवास द्वारा) | जन्म स्थान | व्यवसाय (यदि सेवारत हैं तो पदनाम व कार्यालय का पता लिखे | पत्राचार का वर्तमान पता (दिवंगत होने की स्थिति में अंतिम पता | घर का स्थायी पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| (क) पिता (उपनामों सहित, यदि कोई हो) | | | | | |
| (ख) माँ | | | | | |
| (ग) पत्नी/पति | | | | | |
| (घ) भाई | | | | | |
| (ड.) बहन/बहनें | | | | | |

6. उस पुत्र/पुत्रों और पुत्री/पुत्रियों के बारे में सूचना दें जो विदेश में रह रहे है–

| नाम | राष्ट्रीयता(जन्म और/अथवा अधिवास द्वारा) | जन्म स्थान | जिस देश में पढ़ रहे/रह रहें हैं, उसका पूरा पता | पूर्व कॉलम में उल्लिखित देश में कब से पढत्र रहे/रह रहें हैं ? |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

7. राष्ट्रीयता

(क) जन्म तिथि (क) ..........................................................

(ख) वर्तमान आयु (ख) ..........................................................

(ग) मैट्रीकुलेशन के प्रमाण–पत्र में दी गई आयु (ग) ..........................................................

8. (क) जिले व राज्य का नाम सहित जन्म स्थान (क) ..........................................................

(ख) आप किस जिले व राज्य से संबद्ध है ? (ख) ..........................................................

(ग) आपके पिता मूलतः किस जिले व राज्य से संबद्ध है? (ग) ..........................................................

9. (क) आपका धर्म ..........................................................

(ख) क्या आप अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति से संबद्ध है ? जिससे संबद्ध हों, उसका नाम लिखे । ..........................................................

10. 15 वर्ष की आयु से जिन स्कूलों व कॉलेजों में शिक्षा प्राप्त की है, तारीख सहित उनका उल्लेख करते हुए शैक्षणिक योग्यता लिखें ।

| पूरे पते सहित स्कूलों/कॉलेजों के नाम | स्कूल/कॉलेज में प्रवेश की तारीख | स्कूल/कॉलेज छोड़ने की तारीख | कौन–सी परीक्षा पास की ? |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

11. (क) क्या आप केन्द्र अथवा राज्य सरकार अथवा अर्द्ध सरकारी निकाय अथवा स्वायत्त निकाय अथवा लोक उपक्रम अथवा निजी फर्म अथवा संस्थान में सेवारत हैं अथवा सेवारत रह चुके हैं? यदि हाँ तो सेवा की तारीखों सहित पूर्ण अद्यतन ब्यौरा दें ।

| अवधि<br>से तक | पदनाम, वेतन तथा सेवा की प्रकृति | नियोक्ता का पूरा नाम व पता | पूर्व सेवा छोड़ने के कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

(ख) क्या पिछली सेवा भारत सरकार, राज्य सरकार/किसी उपक्रम के स्वामित्वाधीन अथवा भारत सरकार अथवा राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/विश्वविद्यालय/स्थानीय निकाय के नियंत्रणाधीन थी ?

(ग) क्या आपने केन्द्रीय सिविल सेवा(अस्थायी सेवा) नियमावली, 1965 अथवा इसके अनुरूप नियमावली के तहत एक माह के नोटिस पर सेवा छोड़ी थी ? क्या आपके विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है ? क्या नोटिस दिए जाने अथवा सेवा समाप्त किए जाने से पूर्व बाद की तारीख में आपसे स्पष्टीकरण माँगा गया ?

12. (i) (क) क्या आपको कभी गिरफ्तार किया गया है? हाँ/नहीं

(ख) क्या कभी आप पर मुकदमा चला है? हाँ/नहीं

(ग) क्या कभी आपको हिरासत में रखा गया है? हाँ/नहीं

(घ) क्या कभी आपको नजरबंद किया गया है? हाँ/नहीं

(ङ.) क्या किसी विधि न्यायालय ने आप पर कभी अर्थदंड डाला है? हाँ/नहीं

(च) क्या कभी किसी विधि न्यायालय ने किसी अपराध के लिए आपको दोषी सिद्ध किया है? हाँ/नहीं

(छ) क्या कभी किसी विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य शैक्षणिक प्राधिकरण/संस्थान ने आपको किसी परीक्षा में बैठने से रोका हैं अथवा बहिष्कृत किया है? हाँ/नहीं

(ज) क्या कभी किसी लोक सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग ने अपनी किसी परीक्षा/चयन से आपको बहिष्कृत /अयोग्य घोषित किया है? हाँ/नहीं

(झ) क्या यह सत्यापन प्रपत्र भरने के समय किसी विधि न्यायालय में आपके विरूद्ध कोई मुकदमा लंबित है? हाँ/नहीं

(ञ) क्या यह सत्यापन प्रपत्र भरते समय किसी विश्वविद्यालय अथवा अन्य शैक्षणिक प्राधिकरण/संस्थान में आपके विरूद्ध कोई मामला लंबित है? हाँ/नहीं

(ट) क्या सरकार के नियंत्रणाधीन अथवा अन्य किसी प्रशिक्षण संस्थान से आपको कार्य मुक्त किया गया/बहिष्कृत किया गया/ निकाला गया? हाँ/नहीं

(ii) यदि यह प्रपत्र भरते समय उपर्युक्त प्रश्नों में कोई उत्तर हाँ है तो उस मुकदमे/गिरफ्तारी/हिरासत/अर्थदंड/दंडादेश/सजा आदि के बारे में और/अथवा किसी न्यायालय/विश्वविद्यालय/शैक्षणिक प्राधिकरण आदि में लंबित मुकदमे की प्रकृति का पूर्ण ब्योरा दें ।

(iii) **नोट** – (क) कृपया इस प्रपत्र के प्रारंभ में लिखी चेतावी को भी देखें तथा (ख) प्रत्येक प्रश्न का विशिष्ट उत्तर 'हाँ' अथवा 'नहीं', जैसा भी मामला हो, काट कर दिया जाए ।

13. अपने क्षेत्र के ऐसे दो व्यक्तियों के नाम अथवा हवाले लिखें जो आपको जानते हो ।

1. ........................................................................................................................

2. ........................................................................................................................

14. मैं सत्यनिष्ठा से घोषित करता/करती हूँ कि मेरे मात्र एक जीवित पत्नी/पति है ।

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार उपर्युक्त सूचना सहीं तथा पूर्ण है । मैं किन्हीं ऐसी परिस्थितियों से अवगत नहीं हूँ जिसके तहत मैं सरकारी नौकरी के अयोग्य माना/मानी जाऊँ ।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर ..........................................

तारीख ..........................................

स्थान ..........................................

## कार्यालय द्वारा भरा जाएगा

(क) नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी का नाम, पदनाम तथा पूरा पता

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

(क) अभ्यर्थी द्वारा आवेदन किया गया वह पद जिस पर नियुक्ति हेतु विचार किया जा रहा है ।

..........................................................................................................................................

**The court of Sub-Divisional Magistrate/Executive Magistrate**

I.....................................................................................................................................SO/DO ........................................................................... aged ........................................... by caste ......................................................................... by faith ..........................................by Nationality Indian by occupation ........................................................................ resident of Village .................................. Town......................................... PO.................................... PS ....................................... District .......................................... State ............................ do here by solemnly affirm and declare as follow :-

1. That I am a permanent resident of the aforesaid village/Town which falls under P.O. ........................ P.S. ................................ District ............................
2. That there is no any adverse remarks against me in any Police Station.
3. That there is no criminal case against me in any Police Station or in any of the Honorable Court
4. That all the documents i.e. caste certificate, residential certificate, educational qualification certificates/marks sheets and other certificates filed by me in connections with the recruitment under Bihar Public Service Commission, Patna are true to the best of my belief and knowledge.
5. If any wrong information arises in connection with my submitted certificates. I will be liable to be punished under Law.

That statements made above are true to the best of my knowledge, Belief & information and I sign this ..................................... day .......................... at .......................

Deponent Signature

Solemnly affirm and declared before me to be true by the deponent who is identified by the Advocate.....................................

Signature of Magistrate..................................................

# BIO-DATA

| | | |
|---|---|---|
| 1. NAME | | PASTE PHOTOGRAPH |
| 2. FATHER'S NAME | | |
| 3. MOTHER'S NAME | | |
| 4. CATEGORY | GENERAL ◯ BC ◯ SC ◯ ST ◯ | |
| 5. GENDER | MALE ◯ FEMALE ◯ | |
| 6. PERMANENT ADDRESS | | |
| 7. CORRESPONDENCE ADDRESS | | |
| 8. MOBILE NUMBER | | |
| 9. PAN NUMBER | | |
| 10. AADHAR CARD NUMBER | | |
| 11. E-MAIL ADDRESS | | |
| 12. HOME DISTRICT | | |
| 13. DATE OF BIRTH | | |
| 14. INDENTIFICATION MARK | | |

## 15. EDUCATIONAL QUALIFICATIONS

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

## 16. ANY OTHER QUALIFICATIONS/TRAINING

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

*Certify that the information given above is true to the best of my knowledge.*

**SIGNATURE OF CANDIDATE**

## बिहार सरकार
## लघु जल संसाधन विभाग

**विज्ञापन सं0–03/2019 के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता(असैनिक) के पद पर नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक–7ए/स0अभि0(असैनिक) –01–06/2020{13}लो0से0आ0/गो0, दिनांक– 27.02.2026 द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों हेतु जाँच–प्रपत्र ।**

1. नाम :–

(i) (हिन्दी में ) :–

(ii) (अंग्रेजी में ) :–

पासपोर्ट साईज फोटो

2. रौल नं0 :– 3. मेधा क्रमांक :–

| | |
|---|---|
| 4. आवेदन की कोटि :– | |
| 5. चयनित कोटि :– | |
| 6. पिता का नाम :– | |
| 7. माता का नाम :– | |
| 8. जन्म तिथि :– | |
| 9. गृह जिला :– | |
| 10. पत्राचार पता :– | |
| 11. स्थायी पता :– | |
| 12. Mobile No. :- | |
| 13. email ID :- | |
| 14. पहचान चिन्ह :– | |

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर